>

Title: Need to construct a permanent bridge on Ghagra river near Kamhariya Ghat in Sant Kabir Nagar Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh to facilitate movement of traffic.

श्री भीष्म शंकर उर्फ कुशल तिवारी (संत कबीर नगर): महोदय कमहरीया घाट जो घाघरा नदी पर है। जहां जनता को घाघरा नदी पार करने के लिए पीपे का पुल का प्रयोग करना पड़ता है। इस पीपे के पुल से कई बार दुर्घटनायें हो चुकी हैं जिससे जान माल का काफी नुकसान भी हुआ है। यह घाट स्टेट हाइवे पर पड़ता है। जो गोरखपुर से इलाहाबाद को जोड़ता है तथा इस पर काफी ट्रैफिक भी है। यह पीपे का पुल जून से लेकर दिसम्बर 7 महीने बंद रहता है तथा दूसरे रास्ते से 70 किलोमीटर से ज्यादा की दूरी तय करनी पड़ती है जिससे ईंधन की खपत ज्यादा होती है और जनता को ज्यादा पैसा खर्च करना पड़ता है।

आपके द्वारा केन्द्रीय सरकार से मेरा आग्रह है कि इस घाट पर एक स्थायी पुल का निर्माण हो जाये तो यहां की जनता को काफी सुविधा हो जायेगी तथा बारहों महीना यातायात के लिए सुगम हो जायेगा।